# बीएचईएल को 2x800 मेगावाट रायपुर और 2x800 मेगावाट मिर्जापुर सुपरक्रिटिकल थर्मल पावर प्लांट के लिए दो बैक-टू-बैक ऑर्डर मिले

नई दिल्ली, जून 14: भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (बीएचईएल) को सुपरक्रिटिकल थर्मल पावर प्लांट के लिए दो ऑर्डर मिले हैं। इन ऑर्डरों का कुल मूल्य 7,000 करोड़ रुपये से अधिक है।

पहला ऑर्डर छत्तीसगढ़ के रायपुर ज़िले में स्थापित किए जा रहे 2x800 मेगावाट रायपुर सुपरक्रिटिकल थर्मल पावर प्लांट के लिए अडानी पावर लिमिटेड से प्राप्त हुआ है।

दूसरा ऑर्डर उत्तर प्रदेश के मिर्ज़ापुर जिले में स्थापित किए जा रहे 2x800 मेगावाट मिर्ज़ापुर सुपरक्रिटिकल थर्मल पावर प्लांट के लिए एमटीईयूपीपीएल (अडानी पावर लिमिटेड की एक सहायक कंपनी) से प्राप्त हुआ है।

दोनों परियोजनाओं में बीएचईएल का कार्यक्षेत्र मुख्य संयंत्र उपकरण और संबंधित सहायक उपकरणों के विनिर्माण और आपूर्ति के साथ-साथ इरेक्शन एवं कमीशनिंग का पर्यवेक्षण करना है।

परियोजनाओं के लिए प्रमुख उपकरण जैसे स्टीम जनरेटर, स्टीम टर्बाइन और जनरेटर का विनिर्माण कंपनी के त्रिची और हरिद्वार इकाइयों में किया जाएगा।

बीएचईएल अपने अत्याधुनिक तकनीकी समाधानों के साथ देश की ऊर्जा सुरक्षा को मज़बूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। देश में स्थापित 1,68,000+ मेगावाट के थर्मल पावर प्लांट (~53%) के अपने विशाल पोर्टफोलियो के साथ, बीएचईएल भारत का अग्रणी विद्युत उपकरण निर्माता है। गौरतलब है कि देश में अब तक बीएचईएल को सुपरक्रिटिकल स्टीम जेनरेटर के 73 सेट और सुपरक्रिटिकल टर्बाइन जेनरेटर के 68 सेट के ऑर्डर प्राप्त हुए हैं।

*******